# महानगर में 13 जंक्शन पर लगेंगी ट्रैफिक लाइटें

शेखर टाइम्स संवाददाता

**शाहजहांपुर।** राज्य स्मार्ट सिटी योजनान्तर्गत में स्वीकृत परियोजना इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) का शिलान्यास मंत्री वित्त, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगॉठ पर किया गया।

परियोजनान्तर्गत समस्त कार्य एमनेक्स इन्फोटेक्नोलॉजीस प्रा0लि0 द्वारा कराया जा रहा है जिसकी अनुमानित लागत रू0 41.07 करोड़ है। उक्त परियोजनान्तर्गत नगर के 13 जंक्शन (चौराहों/तिराहों) पर ट्रैफिक सिग्नल स्थापित किये जाने है। मेजबान तिराहा, केरूगंज तिराहा, पुत्तूलाल चौराहा, सुभाष (हथौड़ा) चौराहा, अंटा चौराहा, 6-लाल इमली चौराहा, खिरनीबाग (रामलीला) चौराहा, महिला थाना चौराहा, बरेली मोड़ चौराहा, हरदोई रोड चौराहा, गर्रा फाटक तिराहा, घंटाघर चौराहा व कवि तिराहा सहित 13 जंक्शन पर एडैप्टिव ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम, रेड लाइट वायलेशन डिटेक्शन (आरएलवीडी) एवं पब्लिक एड्रेस (पी0ए0) सिस्टम तथा इसमें से 4 जंक्शन पर वैरिएबल मैसेज साइन बोर्ड (वी0एम0एस0) स्थापित किया जाना।

आई0टी0एम0एस0 परियोजनान्तर्गत चयनित 13 चौराहों/तिराहों पर फील्ड सर्वे का कार्य पूर्ण हो गया है, इस क्रम में नगर आयुक्त नगर निगम द्वारा सुभाष (हथौड़ा) चौराहा का कार्यदायी फर्म/कंपनी की तकनीकी टीम के साथ किया गया स्थलीय



सुभाष चौराह का निरीक्षण करते नगरायुक्त संतोष शर्मा

निरीक्षण किया। शाहजहॉपुर में समस्त 13 चौराहों/तिराहों पर आई0टी0एम0एस0 परियोजना का कार्य पूर्ण होने पर सेफ एवं स्मार्ट सिटी के रूप में नजर आयेगा। स्थलीय निरीक्षण के समय आशीष त्रिवेदी अधिशासी अभियन्ता, कंपनी एकाउंट मैनेजर साकेत राय व अमित राजा, कंपनी प्रोजेक्ट मैनेजर मनोज कौशिक उपस्थित रहे।